राज्य सरकार ने जबलपुर हवाई अड्डे के विस्तार के खर्चे पर अपनी असमर्थता व्यक्त की है ।

(ङ) वायुदूत की मध्य प्रदेश राज्य में सेवाओं को पुनः प्रारंभ करने के लिए कोई तत्काल योजना नहीं है ।

निजी हवाई कम्पनियों से हवाई अड्डा प्रभार लिया जाना

1418. श्री दिग्विजय सिंह:
श्री सत्य प्रकाश मालवीय:

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में कुल कितनी निजी हवाई कंपनियां हैं और वे कब से प्रचालन रत हैं, उनमें से प्रत्येक कंपनी के पास कितने विमान हैं और वह अपने विमान को सरकारी हवाई अड्डे पर रखने, वहां से उड़ान भरने और वहां उतारने के लिए सरकार को प्रति विमान कितना किराया देती है ;

(ख) क्या यह सच है कि उनमें से कुछ कंपनियों ने किराए की बकाया राशि काफी समय से नहीं दी है और यदि हां, तो इन कम्पनियों के नाम क्या-क्या हैं और उनमें से प्रत्येक पर किराए की कुल कितनी-कितनी राशि बकाया है और उन्होंने कब से किराए की बकाया राशि नहीं दी है ; और

(ग) क्या सरकार ने उनसे किराए की राशि वसूल करने के लिए कोई कदम उठाया है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) 1-8-94 की स्थिति के अनुसार हवाई टैक्सी परमिट धारकों की संख्या 17 है । हवाई टैक्सी परमिटधारकों की सूची तथा परमिट जारी करने की तारीख और उनके वर्तमान बेड़े की विमान संख्या विवरण-I पर संलग्न है (नीचे देखिए)

(ख) निजी प्रचालकों सहित सभी प्रचालकों को हवाई अड्डा प्राधिकारियों को अधिसूचित अवतरण, पार्किंग तथा आर एन एफ प्रभारों का भुगतान करना होता है । हवाई टैक्सी प्रचालकों द्वारा राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण को देय बकाया राशियों के ब्यौरे विवरण-II के रूप में संलग्न हैं । (नीचे देखिए) अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण को देय राशियों के संबंध में सूचना एकत्र की जा रही है ।

(ग) हवाई अड्डा प्राधिकारी सभी मामलों पर नजर रखते हैं और चूककर्ता प्रचालकों के मामले में प्रतिभूति के प्रति समंजन, कानूनी कार्रवाईयों तथा अग्रिम भुगतान जैसी कार्रवाई करते हैं ।

विवरण-I

21-7-94 की स्थिति के अनुसार हवाई टैक्सी ऑपरेटरों और उनके बेड़े की विमान संख्या की सूची

क्र. सं.	प्रचालक का नाम	वर्तमान बेड़े की विमान संख्या		परमिट जारी करने की तिथि
1	2	3		4
1	ईस्ट वेस्ट एयरलाइन्स	बोइंग 737-200	7	26.2.92
		फोक्कर एफ-27	3	
2	जे एयरवेज	बोइंग 737-300	4	4-5-93
		बोइंग 737-400	2	

1	2	3		4
3	दमानिया एयरवेज लि.	बोइंग 737–200	4	9–3–93
4	मोदी लफत	बोइंग 737–200	3	5–5–93
5	सहारा इंडिया एयरलाइंस	बोइंग 737–200	1	3–12–92
6	राज एवि. प्रा. लि.	फोक्कर एफ 27–50	—	1–11–93
7	एन ई पी सी एयरलाइन्स	फोक्कर एफ 27–500	4	21–3–94
8	अर्चना एयरवेज लि.	एल–410	3	5–5–93
9	जगसन एयरलाइन्स	डोर्नियर डी ओ–228	3	13–3–92
10	इंडिया इंटरनेशनल एयरवेज	एच एस–125	1	28–2–90
		बेल जेट रेंजर हेलिकाप्टर 206 बी	2	
11	यू.बी. एयर प्रा. लि.	बेल 47 जी	1	30–3–90
12	ट्रांस भारत एवि. प्रा. लि.	बीच क्राफट 99	2	28–2–91
13	एरियल सर्विसिज प्रा. लि.	बीच जेट माडल 400	2	4–1–93
14	सराया एविएशन प्रा. लि.	बी क्राफट बेरोन बी–58	1	22–2–93
15	मेगापोड़ एयरलाइंस लि.	एच एस 125–700बी	1	15–11–93
16	दिल्ली गल्फ एयरवेज प्रा. लि.	इरकयल एसस 350 बी	1	8–3–93
17	उड़ान रिसर्च एंड फलाइंग	सेसना 172	2	17–9–92
		सेसना 152	1	

विवरण –II

31 मार्च, 94 की स्थिति के अनुसार राष्ट्रीय विमानपत्तन प्रधिकरण तथा निजी एयरलाइनों पर बकाया देयताएं ।

	(लाख रु० में)	बकाया देयताएं कब से
ईस्ट वेस्ट एयरलाइंस	140.21	जनवरी, 94 से
दमानिया एयरलाइंस	29–11	फरवरी, 94 से
जेट एयरवेज	48.48	फरवरी, 94 से
सहारा एयर लाइंस	5.31	मार्च, 94 से
मेगापोड़	0.02	मार्च, 94 से
राज एयर	0.94	मार्च, 94 से
मोबी लुपथ	0.19	मार्च, 94 से
कटीनेंटल एविएशन	14.13	जून. 93
	238.39	